**चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**

**Ch. Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/ 367 — दिनांक : 02.09.2026

## विज्ञप्ति

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 19.08.2026 के मद संख्या–7 में लिये गये निर्णय के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2025–26 में अपना पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले ऐसे छात्र/छात्रा जो अन्तिम वर्ष में किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण रहने के कारण उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये हैं, के हितो के दृष्टिगत विशेष सेमेस्टर परीक्षायें निम्नलिखित नियमों के अंतर्गत सम्पन्न करायी जायेगी।

1. ए0ई0पी0 2020 के अंतर्गत संचालित बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0काम0 तथा बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, एल0एल0बी0 पाठ्यक्रमों के पाँचवे तथा छठे सेमेस्टर, बी0ए0एल0एल0बी0, बी0काम0 एल0एल0बी0 के नवम एवं दशम सेमेस्टर हेतु स्पेशल परीक्षायें आयोजित की जायेगी।
2. एक सेमेस्टर के समस्त विषयों की परीक्षा एक ही तिथि एवं समय पर आयोजित होगी इसलिए छात्र किसी एक सेमेस्टर के किसी एक विषय का ही परीक्षा फार्म भरने हेतु पात्र होगें। ऐसे छात्र/छात्रा जो किसी एक सेमेस्टर में एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण हैं, विशेष परीक्षा हेतु अर्ह नहीं होगें।
3. एन0ई0पी0 2020 के अंतर्गत संचालित बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0काम0 के छात्र मेजर विषय के साथ को–करिकूलर विषय का परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह होगें।

उपर्युक्त नियमों के आलोक में परीक्षा फार्म निम्नलिखित तिथियों में भरे जायेगे।

1. ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरवाये जाने की प्रारम्भिक तिथिः– **03.09.2026**
2. परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथिः– **18.09.2026**
3. परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथिः– **21.09.2026**
4. सत्यापित परीक्षा फार्म एन0आर0 के साथ विश्वविद्यालय जमा करने की अन्तिम तिथिः– **23.09.2026**

नियम विरूद्ध भरे गये/सत्यापित किये गये परीक्षा फार्म स्वतः निरस्त माने जायेंगे अतः परीक्षा फार्म भरने अथवा सत्यापित करने से पूर्व समस्त नियमों का भली भांति अवलोकन करें।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. सम्बन्धित महाविद्यालय/ विभागाध्यक्ष/समन्वयक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)/समन्वयक रिजल्ट सेल/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
5. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
6. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
9. गार्डफाइल।

उप कुलसचिव (परीक्षा)